अर्धवार्षिक परीक्षा 2022–2023
कक्षा – 7वीं
विषय – सामाजिक विज्ञान

समय : 2 घंटे पूर्णांक : 100

इतिहास

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

क) गिनती में शून्य का उपयोग ....के विद्वानों की देन है।

ख) अमीर खुसरो ....के शिष्य थे ।

ग) गयासुद्दीन तुगलक ने .... नगर की स्थापना की थी।

घ) सल्तनत काल में लोगों का मुख्य व्यवसाय .... था।

ड.) ....अपने आपको तोता–ए–हिन्द कहते थे।

प्र.2 एक वाक्य मे उत्तर दीजिए :

क) कैकुबाद के बाद दिल्ली का सुल्तान कौन बना ?

ख) सेना में घोड़ों को दागने की प्रथा किसने शुरू की ?

ग) दिल्ली सल्तनत काल में कहां–कहां से लोग भारत में आकर बसे ?

घ) तारीख–ए–फिरोजशाही के लेखक कौन थे ?

ड.) 'सल्तनतकालीन किन्हीं दो संतो के नाम लिखो।

प्र.3 निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) अलाउद्दीन ने बाजार को नियमित करने के लिए क्या–क्या कदम उठाए ?

ख) तुर्कों के आगमन से भवन निर्माण कला के क्षेत्र में क्या परिवर्तन हुए ?

ग) तुर्कों ने भारत से क्या–क्या सीखा ?

घ) पृथ्वीराज चौहान और मोहम्मद गोरी के बीच हुए युद्ध का वर्णन कीजिए ?

ड.) तुर्क सरदार रजिया को क्यों हटाना चाहते थे ?

च) अलाउद्दीन ने लगान व्यवस्था में क्या सुधार किया ?

भूगोल

प्र.4 प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो :

क) वायुमण्डल क्या हैं ?

https://www.bihartopper.com

ख) वर्षा के तीन प्रकार लिखो।
ग) जल चक्र क्या है ?
घ) ज्वार–भाटा क्या है ? तथा ये कैसे उत्पन्न होते हैं ?
ड.) प्राकृतिक वनस्पतियों की तीन मुख्य श्रेणियां कौन सी हैं ?

प्र.5 सही विकल्प चुनकर लिखो :

क) वायुमंडल की परतों मे जब हम ऊपर जाते हैं तब वायुदाब :
1) बढ़ता है 2) घटता है 3) समान रहता है

ख) दिन में दो बार नियम से महासागरीय जल का उठना एवं गिरना कहलाता है :
1) ज्वार–भाटा 2) महासागरीय धाराएं 3) तरंगे

ग) टेपी घासस्थल पाए जाते हैं :
1) दक्षिण अफ्रीका 2) आस्ट्रेलिया 3) मध्य एशिया

घ) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन का एक सामान्य जानवर :
1) बंदर 2) जिराफ 3) ऊंट

ड.) निम्नलिखित में से कौन सी गैस हमें सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाती है : https://www.bihartopper.com
1) कार्बन डाइऑक्साइड 2) नाइट्रोजन 3) ओजोन

प्र.6 कारण बताओ : (कोई–3)

क) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन, शुष्क मौसम में अपनी पत्तियां गिरा देते हैं।
ख) जल की गुणवत्ता का ह्रास हो रहा है।
ग) समुद्री जल नमकीन होता है।
घ) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर आपतन की मात्रा घटती जाती है।

नागरिक शास्त्र

प्र.7 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) बाल अधिकार क्या–क्या है ?
ख) मानव अधिकार क्या है ?
ग) दस्तकारों द्वारा घर पर उत्पादन करने और कारखाने में उत्पादन करने में क्या अंतर है ?
घ) छोटा व्यापारी क्या–क्या काम करता है ?
ड.) बुनकर कोसे का कपडा किस प्रकार बनाता है ?

https://www.bihartopper.com

मिट्टी के बर्तन को बेचने के लिए क्या तरीके अपनाए जाते हैं ?

प्र.8 खाली स्थान भरो :

क) रेशम के कीड़े ....के पेड़ पर पाले जाते हैं।

ख) विवाह के लिए लड़के को .... और लड़की को ....वर्ष का होना अनिवार्य है।

ग) बाल विवाह से ....बेरोजगारी और कुठा बढ़ती है।

घ) मिट्टी से बने सजावटी सामान को ....कहते हैं।

ड.) उद्योग धंधे मानव, मशीन तथा .... से संचालित होता है।

प्र.9 निम्न को चित्र के माध्यम से दर्शाओ :

1) धूप वाला दिन

2 ओला वृष्टि

3 उष्णकटिबंधीय चक्रवात

4 हिमपात

5 बिजली की गड़गड़ाहट के साथ वर्षा

........0000.......

https://www.bihartopper.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से